रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 13 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
इंदौर प्रति मंगलवार , 24 जून 2025 से 30 जून 2025 तक

# निगम कर्मियों को कुछ ज्यादा ही भा रहा

# रोहित पोरवाल का अवैध बना बॉम्बे हाउस होटल




# अवैध

HOTEL

# G+2

की परमिशन पर

# बनाया

# G+4

आवेदन पर आवेदन शिकायत पर शिकायत परन्तु कारवाही जीरो




पृष्ठ क्रमांक 3 पर पढ़े

# महू-डॉ. आंबेडकर नगर से रेल सुविधा विस्तार व ब्रॉडगेज कार्य में तेजी लाने हेतु सांसद कविता पाटीदार को सौंपा गया ज्ञापन

**रणजीत टाइम्स**



महू-डॉ. आंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन से रेल सुविधाओं के विस्तार और महू- सनावद ब्रॉडगेज लाइन के कार्य में गति लाने की मांग को लेकर भाजपा नेता अमित सैनी के नेतृत्व में पूर्व पार्षद जितेंद्र शर्मा और मंडल उपाध्यक्ष जीतू कौशल ने सांसद (राज्यसभा) सुश्री कविता पाटीदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि महू स्टेशन, इंदौर की औद्योगिक नगरी पीथमपुर व सैन्य क्षेत्र के लिए प्रमुख रेल केंद्र रहा है। बावजूद इसके पिछले वर्षों से महू-सनावद ब्रॉडगेज परियोजना अधर में है, जिससे आम यात्रियों, व्यापारियों और सैन्य बलों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व में महू से अजमेर, जयपुर, जोधपुर, हैदराबाद व उज्जैन के लिए सीधी रेल सेवाएं उपलब्ध थीं, जो मीटर गेज बंद होने के बाद से ठप हैं। प्रमुख ट्रेनों में अकोला-अजमेर, अकोला-जयपुर, अकोला-जोधपुर, काचीगुड़ा-जयपुर (मीनाक्षी एक्सप्रेस) एवं उज्जैन-महू पैसेंजर शामिल थीं। ज्ञापन में सांसद से मांग की गई कि ब्रॉडगेज कार्य को शीघ्र पूर्ण कराते हुए उपरोक्त ट्रेनों का महू से पुनः संचालन प्रारंभ कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों ने सांसद के पूर्व प्रयासों की सराहना करते हुए जनता की रेल सुविधाएं बहाल कराने की अपील की।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

## महू अभिभाषक संघ चुनाव

# शांतिपूर्ण मतदान के बाद घोषित हुए परिणाम

### भारत सिंह ठाकुर अध्यक्ष एवं अभिषेक जायसवाल सचिव निर्वाचित

**रणजीत टाइम्स**

महू।अभिभाषक संघ महू के द्विवार्षिक चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। भारी उत्साह के साथ अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाते हुए 280 मतदाताओं ने मतदान किया। देर शाम तक चली मतगणना के बाद निर्वाचन समिति द्वारा परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष सहित सभी प्रमुख पदों के विजेताओं के नाम सामने आए। चुनाव में इस बार कई पदों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली। उम्मीदवारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अंतिम चरण में निर्णायक बढ़त के साथ विजेता घोषित हुए।

### परिणाम इस प्रकार रहे

अध्यक्ष पद पर भारत सिंह ठाकुर ने जीत दर्ज की।
उपाध्यक्ष पद पर मुकेश जरिया गाना विजयी रहे।
सचिव पद अभिषेक जायसवाल ने अपने नाम किया।
सह सचिव पद पर मोहन चौधरी ने सफलता प्राप्त की।
कोषाध्यक्ष पद पर रजनीश कश्यप विजयी हुए।

निर्वाचन समिति ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी अधिवक्ताओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मतदान और मतगणना के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में समिति की भूमिका सराहनीय रही।



# नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा मादक पदार्थों के प्रति लोगों में जन चेतना लाने के लिए निरंतर जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जन जागृति की इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज दिनांक 23.06.25 को एल.एन.सी.टी कॉलेज में नर्सिंग छात्रों, फैकल्टी एवं स्टॉफ को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में बताने के साथ-साथ नशा पीड़ित व्यक्ति के पुनरुत्थान हेतु हेल्प लाइन नं. की जानकारी भी प्रदान की गई। नारकोटिक्स विंग इंदौर की उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रीति तिवारी एवं निरी. जामोद द्वारा छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि- मादक पदार्थों के नशे की लत व्यक्ति के साथ-साथ उसके पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है नशे से स्वयं तथा परिवार को दूर रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 की संख्या में उपस्थित छात्रों, फैकल्टी एवं स्टाफ को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में डी.एस.पी. श्रीमती प्रीति तिवारी के साथ निरी. राधा जामोद, निरी. ज्योत्स्ना यादव, आर. मुकेश चौहान, फॉरेंसिक छात्र जयेश कटारिया, वोलेंटियर वैष्णवी



पाटिल, ज्योति चौहान द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।




## महू अभिभाषक संघ चुनाव परिणाम....

अध्यक्ष
भारत सिंह ठाकुर - 156
संजय शर्मा 122
अंतर 34

उपाध्यक्ष
मनोज कुमार यादव 57
मुकेश जरिया 213
अंतर 156

कोषाध्यक्ष
रजनीश राज कश्यप - 153
उमराव सिंह मिनोरा - 123
अंतर 30

ग्रंथपाल
अशोक मिश्रा - 120
राजेंद्र प्रसाद चौधरी - 152
अंतर 32

सचिव
अभिषेक जायसवाल 101
दिनेश पंचोली 45
नीलेश मिश्रा 82
स्वप्नेश गर्ग 48

सह सचिव
अभिषेक verma 104
मोहन चौधरी 139
विशाल नीम 27

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 24 जून 2025 से 30 जून 2025 तक



## निगम कर्मियों को कुछ ज्यादा ही भा रहा

# रोहित पोरवाल का अवैध बना बॉम्बे हाउस होटल

### जन सुनवाई में दो दो बार शिकायत सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत आयुक्त को आवेदन अपर आयुक्त को आवेदन परन्तु कारवाही कुछ नहीं




आदित्य शर्मा- 8224951278

इंदौर। शहर के झोन क्रमांक सात के वार्ड क्रमांक बत्तीस (32) के अंतर्गत स्कीम नंबर 78 के भाग - 2 के प्लाट क्रमांक 89 व 90 को जोड़कर अवैध मुंबई हाउस होटल का निर्माण किया गया हे जो पूर्णत गलत हे जिसकी शिकायत हमारे द्वारा निगम आयुक्त निगम अपर आयुक्त जन सुनवाई सीएम हेल्प लाइन पर की परन्तु अधिकारियों द्वारा मोन साधा हुआ न ही किसी प्रकार की कोई करवाई की गई है।

क्या अधिकारियों द्वारा कारवाही नहीं करना किसी दूसरी चीज के और इशारा करता हे हमारे द्वारा इस मामले की शिकायत विगत कई दिनों से की जा रही हे क्या वही अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कोई करवाई नहीं की जा रही हे क्या अधिकारियों का कारवाही नहीं करना किसी दूसरी चीज के और इशारा करता हे क्या ?

**झोन क्रमांक 7 के अधिकारी अभिषेक बघेल जी से संपर्क करने की कोशिश परन्तु उनका फोन नहीं उठाना**

हमारे द्वारा अधिकारी अभिषेक बघेल जी से संपर्क करने की बहुत कोशिश की गई परन्तु अधिकारी द्वारा काल पिक नहीं किया गया अब देखने वाली बात यह हे कि कब अधिकारी इस अवैध निर्माण पर कारवाही करेंगे या ऐसे ही चुप्पी साध रखेंगे....

अवैध निर्माण पर कारवाही का इंतजार जहां एक और निगम द्वारा अवैध निर्माण पर तुरंत कारवाही की जाती हे परन्तु हमारे द्वारा अवैध निर्माण की कई शिकायत की गई परन्तु निगम द्वारा किसी प्रकार की कोई कारवाही नहीं की गई।

# इंदौर पुलिस की सख्ती

## खजराना के शातिर बदमाश फरहान अहमद को किया गया जिलाबदर




राजेश धाकड़

रणजीत टाइम्स

इंदौर। शहर को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में इंदौर पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा थाना खजराना क्षेत्र के शातिर बदमाश फरहान अहमद पिता अनवर अहमद उम्र 26 वर्ष निवासी सुपर पैलेस, खजराना को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया गया है।

फरहान के खिलाफ थाना खजराना सहित शहर के विभिन्न थानों में अब तक कुल 17 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें गंभीर धाराएं शामिल हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी श्री मनोज सिंह सेंधव द्वारा जिलाबदर की कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार कर पुलिस आयुक्त कार्यालय भेजा गया था।

पुलिस आयुक्त श्री सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, पुलिस उपायुक्त झोन 2 श्री हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेन्द्र सिंह तथा सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मंडलोई के मार्गदर्शन में की गई। जारी आदेश के अनुसार, फरहान अहमद को दिनांक 23 जून 2025 से आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिला इंदौर व इससे लगे जिलों – उज्जैन, देवास, धार एवं खरगोन की राजस्व सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इन जिलों में उसका प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। थाना खजराना द्वारा इस आदेश की तामील मुनादी के माध्यम से बदमाश के निवास क्षेत्र में कराई गई, ताकि स्थानीय नागरिकों को भी यह जानकारी हो सके और बदमाश की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।

### अ. भा. ग्राहक पंचायत इंदौर महानगर

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इंदौर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया




**मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति इंदौर के अध्यक्ष धर्मेंद्र पंड्या एवं आकाशवाणी की उद्घोषिका श्रीमती सुधा शर्मा रहे।**

**कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वल से की गई। कार्यक्रम का संचालन विनोद ठाकुर ने किया। ग्राहक गीत सौरभ त्रिवेदी ने लिया संगठन की भूमिका मीडिया प्रभारी मनोज पंवार द्वारा रखी गई।**

जिसमें बताया गया कि विगत 50 वर्षों से ग्राहकों के हितों के लिए लगातार प्रयत्न करने वाला एकमात्र पंजीकृत संगठन ग्राहक पंचायत है उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 का मूल ड्राफ्ट बनवाने और संसद में पारित करवाने में भी ग्राहक पंचायत की महत्वपूर्ण योगदान रहा है।यही नहीं वर्ष 2019 में आवश्यक संशोधन करना पड़े तो उसमें भी हमारे संगठन द्वारा दिए गए बहुत सारे सुझाव शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्मेंद्र पंड्या ने उनके समक्ष आए कई प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समाज में घर करते जा रहे बुरे आचरण पर घनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि परिवार की इकाई के टूटने से और व्यक्तियों के चारित्रिक पतन से समाज को बहुत नुकसान हो रहा है। विशेष तौर पर बच्चों और किशोरों का भविष्य ही खतरे में है। यह समस्या बहु आयामी है। इसकी जद में समाज के सभी वर्ग हैं, वो भले ग़रीब हों या अमीर, अगड़े हों या पिछड़े। कहीं कहीं माता पिता की व्यस्तता के कारण बच्चों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं उनसे बातचीत नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण बच्चे गलत संगत और नशे की ओर बढ़ रहे हैं।तो कहीं उनके बुरे आचरण और व्यवहार के कारण बच्चों के चरित्र पर भी इसका प्रभाव देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास आने वाले प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है - यह समाज में बढ़ रहे चारित्रिक पतन का प्रमाण है। उन्होंने टूटते संयुक्त परिवार, परिवार में संवाद की कमी, सोशल मीडिया और व्यावसायिक वृत्ति को भी इसके लिए जिम्मेदार बताया। उन्होंने नैतिक शिक्षा और कुटुंब प्रबोधन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय टोली सदस्य मेहताब सिंह कौरव , प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल , प्रांत उपाध्यक्ष योगेश त्रिवेदी , प्रांत सचिव बहादुर सिंह राजपूत , प्रांत कार्यालय प्रमुख चन्द्रप्रकाश तिवारी , प्रांतीय अधिकारी डी.जी. मिश्रा , शरद तिवारी , सचिन मालीवाड़ , केशव आचार्य , संध्या पगारे , गोपाल साहू , दुर्गेश सौनी , अभिष्ट मिश्रा , आलोक कुमावत आदि उपस्थित रहे।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड में आठवीं गिरफ्तारीः बैग जलवाने वाला बिल्डर ग्वालियर से गिरफ्तार

राजेश धाकड़

रणजीत टाइम्स

इंदौर। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब तक सात गिरफ्तारियों के बाद पुलिस ने मामले में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए आठवीं गिरफ्तारी की है। इस बार शिकंजा कसा है उस बिल्डर लोकेन्द्र सिंह तोमर पर, जिसने कथित रूप से शिलोम जेम्स पर सोनम रघुवंशी का काला बैग जलाने का दबाव बनाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिलोम और लोकेन्द्र की चैट से इस साजिश का खुलासा हुआ। बैग में नकदी, मोबाइल और अन्य अहम सबूत मौजूद थे, जिसे जलाने के लिए लोकेन्द्र ने शिलोम को मजबूर किया।

शिलॉन्ग पुलिस की एसआईटी टीम ने ग्वालियर के गांधी नगर स्थित एमके प्लाजा के फ्लैट नंबर 105 से लोकेन्द्र को सिविल ड्रेस में दबोचा। इसके लिए चार पुलिसकर्मियों की विशेष टीम को रवाना किया गया था। इससे पहले मामले में सोनम रघुवंशी, राज कुशवाह, विशाल चौहान, आकाश राजपूत, आनंद कुर्मी, कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स और गार्ड बलवीर अहिरवार को गिरफ्तार किया जा चुका है। बीती रात शिलोम और बलवीर को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 7 दिन की ट्रांजिट रिमांड स्वीकृत की गई।

शिलोम ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया कि सोनम जिस फ्लैट में ठहरी थी वह देवास नाका स्थित था, और वह उस बिल्डिंग को किराए पर चला रहा था। हर माह वह लोकेन्द्र को 3 लाख रुपये किराया देता था। लोकेन्द्र के कहने पर ही शिलोम ने बैग को आग के हवाले किया। फिलहाल जले हुए बैग से जब्त सामान की फोरेंसिक जांच लंबित है। इधर, शिलॉन्ग एसआईटी टीम अब भी इंदौर में डेरा डाले हुए है और अन्य साक्ष्यों की तलाश जारी है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस हत्याकांड से जुड़ी और भी चौंकाने




वाली जानकारियां सामने आ सकती हैं।

# इंदौर प्रेस क्लब चुनावः इस बार "जायसवाल-जोशी-कर्दम" या कोई और..?

राजेश धाकड़

## प्रमोद दाभाड़े के खुलासे से बढ़ा चुनावी पारा, पत्रकारों के बीच बढ़ी चर्चा!

इंदौर। जिस तरह आम चुनावों में जनता को दिलचस्पी रहती है कि किसके हाथ सत्ता की कमान होगी, वैसे ही पत्रकार जगत में इंदौर प्रेस क्लब चुनावों की गूंज सुनाई देने लगी है। भले ही चुनाव की तारीखों का ऐलान न हुआ हो, लेकिन चर्चाएं, रणनीतियां और संभावित दावेदारों की सक्रियता बता रही है कि मुकाबला इस बार रोचक ही नहीं, ऐतिहासिक भी हो सकता है।




### कौन-कौन मैदान में?

इस बार प्रेस क्लब अध्यक्ष पद के लिए चर्चित नामों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक कर्दम, "24x365 खुलासा" के चर्चित चेहरे अंकुर जायसवाल, शांत-मिलनसार छवि वाले संजय जोशी और संभावित रूप से नवीन जैन जैसे चेहरे चर्चा में हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह सूची अभी पूर्ण नहीं मानी जा रही — सूत्रों का कहना है कि कुछ "बड़े" और "अप्रत्याशित" नाम भी मैदान में उतर सकते हैं।

### दाभाड़े का "खुलासा" – चर्चा का केंद्र

वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद दाभाड़े की सोशल मीडिया पोस्ट ने इस चुनाव को और भी चर्चित बना दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि अंकुर जायसवाल प्रेस क्लब सदस्यों के पुत्र-पुत्रियों की शादी में गार्डन और भोजन की व्यवस्था की घोषणा कर सकते हैं — वह भी स्वयं के खर्च पर! अगर ऐसा होता है, तो यह पूरे भारत के प्रेस क्लब इतिहास में एक अनोखी और ऐतिहासिक पहल मानी जाएगी।

### तीन बड़े चेहरे तीन मजबूत समीकरण

1. दीपक कर्दम – संगठन में अनुभव, सियासी जुड़ाव और पुराने पत्रकारों का समर्थन।

2. अंकुर जायसवाल – 24 घंटे एक्टिव रहने वाला चेहरा, नवोदित पत्रकारों के बीच मजबूत पकड़।

3. संजय जोशी – सौम्य, लोकप्रिय और पूर्व में भारी मतों से विजयी रह चुके।

क्यों है यह चुनाव खास? पत्रकारों के हित में घोषणाएं

### वरिष्ठ बनाम युवा चेहरों की टक्कर

संगठनात्मक राजनीति का असर और... पहली बार सामाजिक सरोकारों को चुनावी मुद्दा बनाते प्रत्याशी! भले ही अभी नामांकन शुरू नहीं हुए, लेकिन हलचलें बता रही हैं कि इस बार मुकाबला न सिर्फ दिलचस्प होगा बल्कि ऐतिहासिक भी। प्रेस क्लब का नेतृत्व किसके हाथ होगा? क्या वादे निभाए जाएंगे? और क्या पत्रकारों की उम्मीदों पर कोई खरा उतर पाएगा?

### फिलहाल सवाल वही है:

जायसवाल, जोशी, कर्दम — या फिर कोई और..? आगे-आगे देखिए होता है क्या...

# पालखी वारी




### श्रद्धा, सेवा और संत परंपरा का अद्भुत संगम

हर वर्ष जब आषाढ़ मास की पावन बेला आती है, तो महाराष्ट्र की भूमि पर एक अद्भुत दृश्य उभरता है – पालखी वारी। यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि विश्वास, भक्ति और सामाजिक समरसता की चलती-फिरती पाठशाला है। सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर लाखों वारीकरी जब संत ज्ञानेश्वर और संत तुकाराम की पालखी के साथ पंढरपुर के विठोबा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं, तो हर कदम पर भक्ति की झंकार और मानवता की गूंज सुनाई देती है। यह यात्रा न केवल शरीर को, बल्कि आत्मा को भी शुद्ध कर देती है।

इस वारी में जात-पात, वर्ग, अमीरी-गरीबी – सबकुछ पीछे छूट जाता है। लोग एक समान वेश में, एक ही धुन में, एक ही उद्देश्य के साथ चल पड़ते हैं – "विठोबा के दर्शन"।

"ज्ञानबा-तुकाराम" की गूंज, अभंगों की स्वर-लहरियां और डोलती हुई पालखी – यह नज़ारा आधुनिक जीवन में अध्यात्म का जीवंत उदाहरण है। आज जब समाज तेजी से भौतिकता की ओर बढ़ रहा है, तब यह वारी हमें सादगी, सेवा और सत्संग की सीख देती है।

आइए, हम सभी इस परंपरा से जुड़ें – चाहे कदमों से नहीं, तो मन से सही। पालखी वारी सिर्फ यात्रा नहीं – यह जीवन का दर्शन है।

### श्री एकेडमी कोदरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम सम्पन्न

रणजीत टाइम्स



महू,कोदरिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री एकेडमी, कोदरिया में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों व अतिथियों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक अंकित बागड़ी की संस्था अनिवार्य से स्वाति जैन और पूजा गिरी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में प्रेरणा यादव, लीना श्रीवास, सुनीता लाहौरे, ब्रजेश अमोनिया सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। अध्यक्षता डायरेक्टर राजेश पाटीदार ने की। आयोजन में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम व विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी संकत व संयोजन संदीप पाल के निर्देशन में हुआ।

# रतलाम में पहली बार होगी रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव

## सीएम के साथ 2500 उद्यमी होंगे शामिल, तैयारी शुरू; कैबिनेट मंत्री ने ली बैठक

रतलाम शहर में राज्य स्तरीय रीजनल इंडस्ट्रीज, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव 27 जून को होना प्रस्तावित है। तैयारियों को लेकर विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने अधिकारियों की बैठक ली। कॉन्क्लेव में सीएम डॉ. मोहन यादव समेत 2500 से अधिक उद्यमी शामिल होंगे। कॉन्क्लेव के सफल आयोजन को लेकर मंत्री काश्यप ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के लिए कहा। कॉन्क्लेव नेहरु स्टेडियम में होगी। इसके लिए एक बड़ा वाटर प्रूफ डोम तैयार किया जाएगा।

मंत्री काश्यप ने स्टेडियम के पास अंबेडकर ग्राउंड में होने वाली पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम के आगमन के समय ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने को कहा। बैठक में कलेक्टर राजेश बाथम, एसपी अमित सिंह, एमपीआईडीसी के निदेशक राजेश राठौड़, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम शहर एवं प्रभारी कमिश्नर नगर निगम रतलाम अनिल भाना आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग सेशन में सीएम करेंगे चर्चा

कॉन्क्लेव में सीएम उद्योगपतियों, निवेशकों से तीन सेशन में अलग-अलग वन टू वन चर्चा करेंगे। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए अधिकारियों को दिए। इस दौरान हितग्राहियों, लाभार्थियों को ऋण वितरण, हितलाभ वितरण की तैयारी पूर्व से रखने को कहा। सफल उद्योगपतियों से सीएम द्वारा संवाद किया जाएगा।

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आज समापन

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। जय बजरंग व्यायाम शाला, झाबुआ में 20 मई से आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आज समापन हुआ। यह शिविर स्वर्गीय श्री सुशील वाजपेयी जी की पावन स्मृति को समर्पित रहा, जिन्हें झाबुआ में "Iron Man" के नाम से श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। शिविर के समापन पर बाल प्रतिभाओं को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर श्री उमेश सक्सेना द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। शिविर का उद्घाटन 20 मई को हनुमान जी की आरती व रिबन काटकर किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. सुशील वाजपेयी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। इस अवसर पर श्री उमंग सक्सेना ने संचालन किया। अतिथियों में श्री उमंग सक्सेना,श्री यशवंत भंडारी, श्री मनीष व्यास, श्री प्रेम सिंह उस्ताद, श्री मांगू भाई, श्री नरेश जी, यशस्विनी वाजपेयी, आदित्य वाजपेयी, नरेंद्र सिंह चौहान, चंदर सिंह चंदेल, गुलाब सिंह गुड़िया, उमेश



मेड़ा, नानूडी चारेल समेत कई वरिष्ठ खेलप्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित रहे। शिविर में जिले भर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों ने भाग लिया। विशेष रूप से आदिवासी व अनुसूचित जनजातीय बच्चों को इस शिविर में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। इस एक महीने के शिविर में बच्चों को वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, कलारिपट्टु, कुश्ती और लाठी चलाने जैसी आत्मरक्षा की तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रत्येक खेल में अनुभवी वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने प्रतिदिन नियमित अभ्यास कराते हुए बच्चों को खेलों की व्यावहारिक जानकारी दी।

व्यायामशाला के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उमेश मेड़ा, गुलाब गुंडिया, चंदर पहलवान, प्रेम उस्ताद ने बच्चों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया। राकेश चौहान, संजय, सीनियर महिला खिलाड़ी नानूडी चारेल, अवंतिका भूरिया, स्वाति भूरिया और सोनिया रावत जैसे खिलाड़ियों ने शिविर में सक्रिय भागीदारी की और नवागंतुक बच्चों को मार्गदर्शन दिया। श्री यशवंत भंडारी द्वारा बॉक्सिंग चैंपियन प्रियांशी को बॉक्सिंग किट भेंट कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। प्रियांशी वरिष्ठ खिलाड़ी गुलाब गुंडिया की बेटी हैं, जिन्होंने शिविर में अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया और कहा कि वे भी लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें तथा सुशील वाजपेयी जी और व्यायामशाला के नाम को रोशन करें।

शिविर में खिलाड़ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किए गए पदकों और उपलब्धियों की प्रेरक प्रस्तुतियां दीं। बालिका खिलाड़ियों का विशेष सम्मान किया गया, जो आज राष्ट्रीय स्तर पर झाबुआ का नाम रोशन कर रही हैं। शिविर में स्व. सुशील वाजपेयी जी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा गया कि उन्होंने बिना भेदभाव के हजारों युवाओं को खेलों से जोड़ा, जिनमें से 165 से अधिक खिलाड़ी आज झाबुआ जिले का विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे वर्षों तक नशा मुक्त और अनुशासित युवा भारत के निर्माण में जुटे रहे। जय बजरंग व्यायाम शाला के सचिव श्री चंदर सिंह चंदेल ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए सुशील वाजपेयी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### धार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# विगत पाँच वर्षो से बंदुक चोरी के प्रकरण मे फरार दो आरोपीयो को किया गिरफ्तार



## आरोपीयो की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने की थी ईनाम की उद्घोषणा

**रणजीत टाइम्स**

राजगढ़। क्षेत्र मे उद्घोषित फरार ईनाम आरोपीयो की पतारसी व गिरफ्तार करने के संबंध मे श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक महोदय धार, श्री मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री गीतेश कुमार गर्ग द्वारा निर्देशित किया गया जिसके तारतम्य मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनावर(भा.पु.से.) श्रीमती अनु बेनिवाल के निर्देशन मे थाना प्रभारी गंधवानी श्री प्रवीण ठाकरे व चौकी प्रभारी जीराबाद रविन्द्र चौधरी द्वारा क्षेत्र मे मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया गया जिस पर आज दिनांक 22.06.2025 को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि वर्ष 2020 से बंदुक चोरी के प्रकरण मे फरार आरोपीगण ग्राम खोड़ मे आए हुए है सुचना पर ग्राम खोड़ मे दबिश देकर आरोपी भाया उर्फ भारत पिता हिरासिंह डावर जाति भील उम्र 28 वर्ष नि ग्राम खेड़ली हनुमान थाना टाण्डा व राजू पिता नुरसिंह मण्डलोई जाति भील उम्र 25 वर्ष नि ग्राम खेड़ली हनुमान थाना टाण्डा जिला धार को गिरफ्तार किया गया। आरोपीयो के विरूद्ध वर्ष 2020 मे बंदुक चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध हुआ तथा आरोपीगण घटना के पश्चात से फरार थे जिनकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार द्वारा 5000-5000/- रुपये के ईनाम की उद्घोषणा की थी। सम्पुर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गंधवानी श्री प्रवीण ठाकरे, चौकी प्रभारी जीराबाद सउनि रविन्द्र चौधरी, प्र आर सुखराम, आरक्षक सत्यपाल जाट, शैलेन्द्र यादव, शैलेन्द्र सोलंकी, चेनसिंह व संतोष नागर का सराहनीय योगदान रहा।

# सांदीपनी शा. उ. मा. वि. बड़ावदा में बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच योगाभ्यास

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहयोगी है योग



**रणजीत टाइम्स**

बड़ावदा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सभी जगह जनप्रतिनिधियों व आम जन उत्साह से योग अभ्यास किया। रिमझिम बारिश की फुहार के बीच बड़ावदा में संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रातः 6 बजे से 7.45 बजे के मध्य किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ावदा के भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा, संयोजक जितेंद्रदास बैरागी, सहसंयोजक समरथ पाटीदार,जीवन सिंह चौहान , प्रदेश उपाध्यक्ष सरपंच संघ , संजय चावड़ा (पूर्व नगर परिषद (उपाध्यक्ष) रामकरण मालवीय( पूर्व पार्षद) अशोक चौधरी , पत्रकार शिरीष सकलेचा तथा विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती माया सोनी ने सरस्वती पूजन करके किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टाफ,अतिथि एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर योग की समस्त क्रियाएं योग प्रभारी अजय कुमार रावल के मार्गदर्शन में की गई।

## योग से मिलती हैं मन को शांति....शर्मा

लोकेश शर्मा ने योग के प्रति स्वयं जागरूक हो और अपने साथी सहयोगियों को भी जागरूक करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया।आपने कहां की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत की कल्पना की है। जिसमें योग महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। आपने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैं। यदि हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा। जिससे हमारी बुराईयां भी खत्म हो जाती हैं। आपने कहा कि कम से कम 20 मिनट रोज योग करें जिससे सभी बीमारियां समाप्त हो जाएगी। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे तथा योग के प्रति सभी को जागरूक किया तथा कुछ सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास भी करवाया गया। योग प्रभारी रावल ने सभी को संकल्प दिलाते हुए विश्व के कल्याण , सभी के स्वस्थ्य रहने की कामना की। प्रधानमंत्री के भाषण को रेडियो पर सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल कुमावत ने किया तथा आभार प्रदर्शन जाहिद शाह खान ने माना।

### ये थे मौजूद....


इस अवसर पर अकील एहमद पठान, प्रहलाद पाटीदार,असीम श्रोत्रिय, मोहन लाल सोनारतिया,घनश्याम पाटीदार, कृष्णपाल त्रिपाठी,मुकेश बैरागी, निर्मला गहलोत,रेखा दड़ीग, सुरेश व्यास, ईश्वर परमार, अंकित जायसवाल,विजय बोरीवाल आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह....

प्रधानमंत्री जी केआव्हान व। भाजपा मंडल द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं से किए गए आग्रह के बाद मंडल के सरसी, केरवासा, उपलाई, राजाखेड़ी, खजुरिया आदि गांवों में योग के आयोजन हुए। कई लोगों ने अपने घरों पर भी योग अभ्यास किया।

# आत्मबोध की सनातन ध्यानयोग परंपरा का वाहक है सहजयोग

रणजीत टाइम्स



भारतीय दर्शन में आत्मबोध की परंपरा अत्यंत प्राचीन है, कच्चे मन को सच्चे मन में परिवर्तित करने की संपूर्ण विधि ध्यान कहलाती है इस संदर्भ में चित्त की भूमिका अत्यंत महत्व पूर्ण है चित्त पर नियंत्रण के बिना ध्यान को साधा नहीं जा सकता, और आत्मा के प्रकाशित हुए बिना ध्यान नहीं सधता, यही आत्मा को चेतित या जागृत करने की प्रक्रिया आत्म साक्षात्कार कहलाती है जो सहजयोग में बिना मूल्य सिखाई जाती है। सहजयोग योग का वास्तविक उद्देश्य है, आत्मसाक्षात्कार। जब आप शरीर, मन और बुद्धि पर विजय प्राप्त करते हैं, उन्हें उपचारित कर लेते हैं, तो आपके लिए आत्मा को पाना सुलभ हो जाता है। इस दिशा में सहज योग एक सरल क्रांतिकारी पद्धति है जिसका प्रादुर्भाव आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी के सौजन्य से हुआ है सहज योग को अभिनव अविष्कार कहा जा सकता है क्योंकि यह सामूहिकता में मानवता के उत्थान को करता है इससे पूर्व व्यक्ति अपना व्यक्तिगत उत्थान ही कर पाता था एक समूह में एक साथ अनेक लोगों का उत्थान संभव हुआ जब सहज योग में सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की घटना घटित हुई। इसके साथ ही ध्यान का अभ्यास करने वाला व्यक्ति स्वयं अपनी अनुभूति से अन्य व्यक्ति को आत्मसाक्षात्कार दे सके यह भी संभव हुआ। इसका लाभ यह हुआ कि जिस तरह एक साथ बैठकर पूजा की जा सकती है उसी प्रकार एक साथ बैठकर ध्यान भी किया जा सकता है तो घर के सभी सदस्य एक साथ बैठकर अगर ध्यान करते हैं तो समस्त घर का मंगल होता है और नकारात्मकता हटकर पावन सकारात्मकता सभी परिवार के सदस्यों के भीतर एक साथ प्रवेश करती है।

उल्लेखनीय है कि,सहजयोग एक ध्यान की क्रिया है जिसे प.पू माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 से आरम्भ किया गया, जो की आज विश्व के 100 से अधिक देशों में प्रचलित है, सहजयोग से कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति की जा सकती है, व जैसे ही कुण्डलिनी का जागरण होता है वैसे ही मानव अपने अंदर परम शांति को अनुभव करता है, उसके विचार शून्य हो जाते है,एवं नियमित ध्यान करने से वह धीरे-धीरे अपने अंदर व्याप्त अनेक बीमारियों एवं विकारों से भी निजात पाता है। देश एवं विदेशों के अनेक वैज्ञानिकों ने सहजयोग ध्यान पर शोध किया है, एवं इस ध्यान के माध्यम से परम शान्ति व अनेक बीमारियों एवं विकारों से मुक्ति की पुष्टि की है, इसे हर आयु, धर्म एवं वर्ग के लोग महसूस कर सकते है। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

### सिंधिया बोले-बच्चन की आवाज से मैं भी परेशान

# इंदौर में पूर्व विधायक गुप्ता ने मंत्री से कहा- साइबर फ्रॉड कॉलर ट्यून बंद हो



**इंदौर : उत्सव सोनी**

पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलने पहुंचे। यहां पर गुप्ता ने उनसे कहा कि इमरजेंसी में फोन लगाते हैं तो अमिताभ बच्चन की आवाज सुनाई देती है। खासकर बुजुर्गों, मरीजों और व्यापारिक वर्ग के लोगों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तब मंत्री सिंधया भी उनसे बोल पड़े कि हां यह सही बात है, मैं भी इससे परेशान हूं। भारत सरकार द्वारा साइबर धोखाधड़ी एवं डिजिटल फ्रॉड के विरुद्ध जनजागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मोबाइल कॉल के आरंभ में एक विशेष कॉलर ट्यून प्रसारित की जा रही है, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को ओटीपी, बैंक विवरण अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की चेतावनी देना है। यह प्रयास जहां सराहनीय है, वहीं इसकी व्यावहारिक कठिनाइयों के चलते आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी विषय को लेकर पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुदर्शन गुप्ता ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया कि कॉलर ट्यून बजने के कारण मोबाइल कॉल लगाने में बार-बार विघ्न उत्पन्न हो रहा है, जिससे कॉल डायलिंग में विलंब, कॉल ड्रॉप और कनेक्टिविटी की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। कई बार आवश्यकतानुसार संवाद स्थापित नहीं हो पाता, जिससे उपभोक्ताओं विशेषकर आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## गुप्ता ने अपने ज्ञापन में यह लिखा

डिजिटल अरेस्ट जैसे अभियान आवश्यक हैं, परंतु मोबाइल कॉल के समय बजने वाली कॉलर ट्यून के स्थान पर अन्य वैकल्पिक माध्यमों जैसे एसएमएस, सोशल मीडिया, टीवी-रेडियो या अन्य प्रचार माध्यमों से इस जागरूकता को आगे बढ़ाया जाए, ताकि जागरूकता और सुविधा दोनों का संतुलन बना रहे।

## सिंधिया बोले आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे

सिंधिया ने कहा कि आपकी मांग जायज है अर्जेंट में कॉल लगाने पर काफी कठिनाई होती है अनेक उपभोक्ताओं ने भी पूर्व में शिकायत की है मैं तुरंत इस पर कार्रवाई करूंगा । सिंधिया ने आगे कहा कि इस संबंध में पहले भी कुछ उपभोक्ताओं से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। हम तकनीकी समाधान की दिशा में कार्य कर रहे हैं और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

## मंत्री सिंधिया ने गुप्ता की पीठ पर रखकर ही कर दिए साइन

इंदौर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एक ऐसा मौका भी आया जबकि गुप्ता का ज्ञापन पढ़ने के बाद मंत्री सिंधया उस पर साइन करना चाहते थे और पत्र के नीचे कुछ सपोर्ट रखने के लिए देखने लगे। इस पर उन्होंने गुप्ता से कहा कि आप पीछे घूमिए। फिर उन्होंने गुप्ता की पीठ पर ही पत्र को रखकर उसे साइन कर दिया और पत्र को कार्रवाई के लिए अपने अफसरों को दे दिया। यह वाक्या देख वहां पर मौजूद सभी लोग ठहाका लगाकर हंसने लगे। इस दौरान यहां पर मौजूद सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, दीपक जैन टीनू, आदि भी मौजूद थे।

## योग कार्यक्रम में शामिल होने इंदौर पहुंचे थे

शनिवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि योग के क्षेत्र में भी इंदौर इतिहास रच रहा है। सिंधिया ने योग का महत्व बताते हुए सभी को एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन देता है। ऑक्सीजन मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग योग करने पहुंचे

# सहजयोगी का हृदय महानता के अहंकार से मुक्त व प्रेममय होता है

गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स
प्रधान संपादक





**सहजयोग की संस्थापिका आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी ने अपनी अमृतवाणी में कई बार दिशा निर्देशित किया है कि मनुष्य को सभी प्रकार के बंधनों से अर्थात कंडीशनिंग से स्वयं को मुक्त रखना चाहिए। तभी आप के तार परम चैतन्य से जुड़ सकते हैं यहां बंधन मुक्ति तथा अनुशासनहीनता में अंतर है वह हमें समझना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है विशेषतः सहजयोगी के लिए। हमारा जीवन सदैव बहती हुई नदी के समान गतिमान होना चाहिए, ना की ठहरे हुए तालाब की तरह परंतु यह ध्यान रखना चाहिए कि नदी तभी तक नदी होती है जब तक वह किनारों के अनुशासन में रहकर अपने मार्ग में आने वाली हर छोटी बड़ी बाधा को सहज प्रकृति से स्वीकार करते हुए अंत में सागर से एकाकार हो जाती है।**


कंडीशनिंग से श्री माताजी का तात्पर्य था कि हमें यह रंग पसंद है, तो यह खाना नापसंद है, हमें सोने के लिए निश्चित तरह का वातावरण अथवा बिस्तर चाहिए इत्यादि। इसके अतिरिक्त धार्मिक आडंबर को लेकर अपने व्यवसाय को लेकर रिश्ते नातों को लेकर हम अपने आप को अनेक सीमाओं में बांध लेते हैं, और यह सीमाएं हमारी अध्यात्मिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करती है। कंडीशनिंग हमारे अहंकार के तुष्टीकरण का कारण बनती है।

श्री माताजी के पावन शब्दों में, "मुझे यह पसंद है, मुझे यह पसंद नहीं यह शब्द उपयोग नहीं किए जाने चाहिए।" कंडीशनिंग में जीते-जीते हम सिर्फ स्वयं से प्रेम करने लगते हैं। अपनी सुविधा ही आपका लक्ष्य बन जाती हैं और आप महानता के अहंकार में फंस जाते हैं। अतः श्री माताजी ने कहा है, "अहम की समस्या के कारण हम अत्यंत विघटित हैं छोटी-छोटी चीजों के विषय में यदि आपने अपना समय व्यर्थ करना है तो आप का विघटन बढ़ जाएगा। मुझे यह पसंद नहीं- मैं ऐसा नहीं करता- ऐसा मुझे दिखाई नहीं देता यह सभी निर्णय अहं के माध्यम से ही होते हैं।" सहज योग द्वारा हम अपनी जीवनशैली में उपस्थित कंडीशनिंग को बहुत ही सहज रूप से जीत पाते हैं। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर आपके लिए यह कार्य अत्यंत सहज हो जाता है तथा व्यर्थ के बंधनों से स्वयं को मुक्त पाकर हमारा हृदय प्रेममय, विशाल व प्रफुल्लित हो जाता है। हमारा जीवन आध्यात्मिक, पारिवारिक, व्यवसायिक तथा सामाजिक प्रत्येक क्षेत्र में प्रतिदिन नए-नए आयामों को छूने लगता है।

अतः प्रत्येक व्यक्ति को जो अपने अस्तित्व के सत्य को जानना चाहता है, उसे सहज योग अपनाकर श्री माताजी द्वारा प्रदत्त इस अनमोल भेंट का लाभ अवश्य ही लेना चाहिए। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोलफ्री नंबर18002700800 एवं वेबस्थली www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकता है।









स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )